# कार्रवाई:तहसीलदार व कृषि विभाग ने नकली दवा बेचते दो को पकड़ा

**बसना (ग्रामीण)**




अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में नकली कृषि दवा बेचते हुए दो युवकों को पकड़ा गया है। दोनों युवक एक कंपनी की नकली दवा बेच रहे थे, जिसे कंपनी के कर्मचारियों ने पकड़कर कृषि विभाग को मामले की जानकारी दी। घटना के बाद दोनों युवकों को पकड़कर कृषि विभाग पूछताछ कर रही है। युवकों में से एक भंवरपुर(झारबन्द) और दूसरा भिलाई का रहने वाला है। दोनों के खिलाफ बसना थाना में कार्रवाई की जा रही है। भिलाई निवासी एक युवक स्थानीय युवक की मदद से अंचल में नोटीवो नामक दवा, जो फल-फूल को बढ़ाने में सहायक होती है, उसका विक्रय कर रहा था, जोकि नकली था। वहीं कंपनी की नकली दवा बेचे जाने की सूचना पर दवा कंपनी के जांजगीर-चांपा के कर्मचारी पिछले कई दिनों से दोनों युवकों पर नजर जमाए हुए थे। मंगलवार को जब दोनों युवक बसना के भुकेल और बंसुला में कुछ किसानों को दवा बेचने पहुंचे थे, इसी दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद मामला कृषि विभाग को सौंपा गया। इधर, दोनों युवकों को बसना लाया गया और तहसीलदार सुशीला साहू की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर एसडीएम सरायपाली को सौंपा गया। साथ ही दोनों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी चल रही है।

**Source:**
[https://www.bhaskar.com/local/chhattisgarh/raipur/basna/news/tehsildar-and-agriculture-department-caught-two-selling-fake-medicines-127743974.html](https://www.bhaskar.com/local/chhattisgarh/raipur/basna/news/tehsildar-and-agriculture-department-caught-two-selling-fake-medicines-127743974.html)